पिथौरागढ़। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) की टीम ने जिले के उन दूरस्थ स्थानों पर केंद्र स्थापित करने का फैसला लिया है जहां पर अब तक मुक्त विश्वविद्यालय से अध्ययन की सुविधा नहीं मिल पाई है। इसके अलावा विश्वविद्यालय के सभी केंद्रों को सैटेलाइट इंटरेक्टिव टर्मिनल से जोड़ा जा रहा है। यूओयू ने प्रदेश के सभी दूरस्थ क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा का प्रसार करने के लिए आठ टीमों का गठन किया है। एक टीम डा. कमल देवलाल, डा. ललित मोहन भट्ट, डा. चारू पंत के नेतृत्व में कनालीछीना, पीपली, सतगढ़, झूलाघाट आदि स्थानों का भ्रमण कर चुकी है। कुलपति प्रो. सुभाष धूलिया के निर्देश पर गठित टीम ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर तथा आम लोगों को बताया कि इंटरनेट से भी शिक्षण की सुविधा प्राप्त की जा सकती है। टीम के सदस्यों ने बताया कि यूओयू की डिग्री यूजीसी की मान्यता वाली और अन्य विश्वविद्यालयों से प्रदत्त डिग्री के समकक्ष है। यूओयू के कंप्यूटर विज्ञान संकाय के निदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने सैटेलाइट तकनीक से होने वाली एडुसेट शिक्षण की जानकारी दी। ब्यूरो

2 | दैनिक जागरण

एक नजर

दूरस्थ क्षेत्रों में उच्च शिक्षा का प्रसार

पिथौरागढ़ : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की टीम ने दूरस्थ शिक्षा के संबंध में सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विद्यालयों में संपर्क किया। इस मौके पर बताया कि विश्वविद्यालय आधुनिक तकनीकि की मदद से सभी क्षेत्रों को जोड़ रहा है। विश्वविद्यालय से आए अध्यापकों डॉ. कमल देवलाल, डॉ. ललित मोहन भट्ट, डॉ. चारु पंत ने तहसील डीडीहाट के दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में पहुंचकर दूरस्थ शिक्षा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने एडुसेट का संचालन शुरू कर दिया है। इसके लिए प्रदेश में 60 एसआइटी स्थापित किए जा रहे हैं। जिसमें 30 एसआइटी ने कार्य करना शुरू कर दिया है। विद्यार्थी इन केंद्रों में जाकर अपने विषय के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। इसके बाद प्राध्यापकों का दल मुनस्यारी रवाना हो गया है।

30

2 | दैनिक जागरण



एक नजर

दूरस्थ क्षेत्रों में उच्च शिक्षा का प्रसार

पिथौरागढ़ : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की टीम ने दूरस्थ शिक्षा के संबंध में सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विद्यालयों में संपर्क किया। इस मौके पर बताया कि विश्वविद्यालय आधुनिक तकनीकि की मदद से सभी क्षेत्रों को जोड़ रहा है। विश्वविद्यालय से आए अध्यापकों डॉ. कमल देवलाल, डॉ. ललित मोहन भट्ट, डॉ. चारु पंत ने तहसील डीडीहाट के दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में पहुंचकर दूरस्थ शिक्षा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने एडुसेट का संचालन शुरू कर दिया है। इसके लिए प्रदेश में 60 एसआइटी स्थापित किए जा रहे हैं। जिसमें 30 एसआइटी ने कार्य करना शुरू कर दिया है। विद्यार्थी इन केंद्रों में जाकर अपने विषय के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। इसके बाद प्राध्यापकों का दल मुनस्यारी रवाना हो गया है।

यात्रा रिपोर्ट (Promotional Tour)-बागेश्वर

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के प्रचार–प्रसार के लिए 25 से 29 नवम्बर तक गये भ्रमण में हमने निम्न स्थानों पर संपर्क एवं कार्य किये।

1– सर्वप्रथम हमने हल्द्वानी से जाते वक्त भवाली में अपने पत्रकार मित्रों से मुलाकात की जिसमें दैनिक जागरण के संजय वर्मा और पांच साथी थे। उन्हें विश्वविद्यालय की प्रचार सामग्री देकर विभिन्न कोर्सों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान कुछ लोगों ने विश्वविद्यालय के सेंटर परीक्षा आदि के बारे में पूछा हमने उन्हें जानकारी दी।

2–इसके बाद अल्मोड़ा पहुंचकर दैनिक जागरण के कार्यालय में गये वहां समी जागरण का स्टाफ के अलावा कुछ अन्य पत्रकार भी मौजूद थे। समी को यूओयू के कोर्सों की जानकारी देकर उन्हें कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान चार पत्रकार मित्र पत्रकारिता का कोर्स करने के लिए राजी हो गये। उनका कहना था कि तुमने कब कोर्स किया हमें पता ही नही चला। चलो अब कर लेते है.....। हमने उनसे अन्य लोगों को भी कोर्सों के बारे में समाचार या व्यक्तिगत माध्यम से बताने की अपील की।

3–इसके बाद ताकुला में हमने सर्वप्रथम पॉलीटेक्नीक कालेज में पहुंचकर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कोर्सों की जानकारी दी। विश्वविद्यालय से तो कई छात्र परिचित थे लेकिन कोर्सों की उन्हे जानकारी नही थी। हमने उन्हें प्रचार सामग्री बांटी एवं उचित जानकारी दी। साथ ही सभी लोगों को अपने–अपने साथियों को बताने की अपील की। इसके बाद वहां के गुरुजनों व प्रधानाचार्य से भी मुलाकात की और उन्हें प्रचार सामग्री देकर अवगत कराया। बाद में एक ढाबे में खाना खाने के दौरान हमने पांच–सात युवाओं को भी विश्वविद्यालय के कोर्सों से अवगत कराया। कई युवा विश्वविद्यालय के कोर्सों में रुचि लेते दिखे, उन्होने हमने कई जानकारी मांगी हमने उनका उत्तर दिया।

इसके बाद सायं को हम बागेश्वर पहुंच गये। यहां हमें यूओयू के सहायक लिपिक श्री कांडपाल मिले उनसे हमने बागेश्वर के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त की।

26 नवम्बर

आज हम प्रातः दूरस्थ्य क्षेत्र कपकोट के लिए रवाना हो गये। कपकोट पहुंचकर वहां के डिग्री कालेज गये और छात्रों व गुरुजनों से मिले। साथ ही कपकोट के यूओयू स्टडी सेंटर में भी गये। फिर इंटर कालेज व छात्रों व कुछ युवाओं से मुलाकात कर उन्हें विश्वविद्यालय के कोर्सों से अवगत कराया। कपकोट में डिग्री कालेज होने के कारण आगे की पीजी की पढ़ाई के लिए कई युवा हमारे कोर्सों को लेकर उत्सुक दिखे। हमने उन्हें इसकी उचित जानकारी दी। इसके बाद हम विकास खंड कपकोट के कार्यालय में गये। यहां हमने विकास खंड के ब्लाक प्रमुख श्री मनोहर राम व बीडीसी सदस्यों, प्रधानों व कार्यालय के स्टाफ से मुलाकात की। ब्लाक प्रमुख मनोहर राम जी से मैने पहले ही फोन पर बात की थी और अपने कार्यकम से अवगत कराकर समय मांगा था। जिस पर उन्होने हमें अपने सदस्यों से परिचय कराया। हमने विश्वविद्यालय के कोर्सों की व्यापक जानकारी दी और इनका लाभ उठाने की अपील की। ब्लाक प्रमुख ने हमें अपने बीडीसी की बैठक में समी सदस्यों व प्रधानों (लगभग 130) को यूओयू के कोर्सों से अवगत कराने का आश्वासन दिया। हमने उन्हें प्रचार सामग्री उपलब्ध करायी। इसके बाद हम भराड़ी स्थित पॉलीटेक्नीक कालेज गये वहां प्रधानाचार्य ए. कुरैशी

जी के सहयोग से हमने सभी छात्र–छात्राओं को एकत्र कर उन्हें मुक्त विश्वविद्यालय की जानकारी दी तथा प्रचार सामग्री बांटी। कई विद्यार्थी यूओयू से कोर्स करने के इच्छुक दिखे। फिर हमने एक इंटर कालेज में छात्रों को प्रचार सामग्री बांटी और उन्हें यूओयू के बारे में बताया।

इसके बाद हम इंटर कालेज शामा गये। यहां हमने सर्व प्रथम विद्यालय के व्यवस्थापक के अलावा प्रभारी प्रधानाचार्य श्री पाएडेय जी से मुलाकात कर बात की। उन्हें विद्यालय के सभी सीनियर विद्यार्थियों को एकत्र कर हमसे मिलवाया। हमने उन्हें विश्वविद्यालय के कोर्सों की व्यापक जानकारी दी। उन्हें बताया कि यूओयू उच्च शिक्षा को आपके द्वार पर ही लाया है। आप लोग इसका पूरा लाभ उठाये। कई विद्यार्थियों ने सवाल भी पूछे हमने उनका जवाब दिया तथा उन्हें प्रचार सामग्री वितरित की। लौटते वक्त हमने तेजम जाने वाले मार्ग पर दुकानों में कई युवाओं को विश्वविद्यालय की प्रचार सामग्री बांटी, और उन्हें यूओयू के कोर्सों से अवगत कराया। इस दौरान कुछ युवा कोर्स करने के इच्छुक दिखे। कई लोगों ने सवाल पूछे की यहां से कोर्स करने के बाद हमारी नौकरी लग जायेगी ! कुछ बोले इस कोर्स की मान्यता है। हमने सभी को बताया कि यह सरकारी यूनिवर्सिटी है और इसकी पूरी मान्यता है जैसे सरकारी कालेजों की है। सायं को हम बागेश्वर लौटे।

27 नवम्बर

आज सबसे पहले हमने अपने भ्रमण कार्यकमों का प्रचार के लिए बागेश्वर में प्रेस को अवगत कराया। हमने पत्रकार वार्ता की साथ ही सभी प्रेसों के कार्यालयों में जाकर उन्हें खबर, फोटों के साथ प्रचार सामग्री भी उपलब्ध करायी। कई पत्रकार साथी विश्वविद्यालय से पत्रकारिता का कोर्स करने के इच्छुक दिखे। इसके बाद हमने बागेश्वर के समीपवर्ती कुछ इंटर कालेजों में जाकर विद्यार्थियों से संपर्क किया। लेकिन हल्द्वानी में हुए कशिश हत्याकांड के चलते यहां भी सभी शिक्षण संस्थान व बाजार बंद हो गये थे। फिर भी हमने कुछ छात्रों व गुरुजनों को यूओयू की प्रचार सामग्री बांटी। साथ ही हम यूओयू के श्री कांडपाल के साथ बागेश्वर महाविद्यालय गये और वहां से परीक्षा की कापियां ली और गुरुजनों से वार्ता की। बाद में हम गरुड़ की ओर रवाना हो गये। बागेश्वर से गरुड़ जाते वक्त हमने कई स्थानों पर युवाओं को प्रचार सामग्री बांटी। मैने तोली क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य श्री गोविन्द दानू से भी मुलाकात कर उन्हें यूओयू के कोर्सों से अवगत कराया और उन्हें प्रचार सामग्री दी। उन्होने दूरस्थ्य रीमा क्षेत्र में यूओयू का सेंटर खुलवाने के लिए फार्म भी मांगा जो मैने उन्हें उपलब्ध करा दिया। इसके अलावा जिपं सदस्य रीमा श्री बहादुर राम से भी उन्होने दूरभाष पर वार्ता करायी। उन्होने भी उचित सहायता करने का वादा किया।

गरुड़ में महाविद्यालय गये यहां हमें डा. हेमचन्द्र दुबे मिले। उनसे हमने यूआयू की कापियां ली और कुछ विद्यार्थियों से संपर्क किया। फिर हमने पत्रकार साथी दैनिक जागरण के चन्द्रशेखर बडसीला से व अमर उजाला–उत्तर उजाला के प्रतिनिधि से भी मुलाकात की। उन्हें खबर के साथ प्रचार सामग्री भी उपलब्ध करायी। फिर हम रात्रि विश्राम के लिए कौसानी लौट आये।

27

28 नवम्बर

विश्वविद्यालय के प्रचार कार्यकमों के तहत आज हमने कौसानी में क्षेत्र के प्रसिद्ध गांधीवादी लक्ष्मी आश्रम में जाकर वहां के लोगों को यूओयू के कोर्सों से अवगत कराया। साथ ही उन्हें प्रचार सामग्री वितरित की। वहां के प्रमुख कार्यकर्ता श्री डेविड ने बताया कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के बारे में उन्हें विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. गोविन्द सिंह जी से ज्ञात हुआ है। उन्होने अपने विद्यार्थियों को इसका उचित लाभ दिलाने का वादा किया। इसके बाद हम लक्ष्मी आश्रम की पूर्व प्रमुख सेविका प्रेमा बहुगुणा के आश्रम में जाकर उनसे मुलाकात की। श्रीमती प्रेमा जी वर्तमान में महिला संगठन व गरीब, असहाय महिलाओं व बच्चों के लिए कार्य कर रही है। वह उन्हें शिक्षित करने का कार्य करती है। हमने उन्हें विश्वविद्यालय के कोर्सों की जानकारी दी और लोगों को इसका लाभ दिलाने की अपील की। उन्होने कहा कि इसमें कई कोर्स हमारी महिलाओं के लिए बहुत अच्छे है वह घर बैठे ही कर सकती है। मैं उन्हें यूओयू के कोर्सों से अवगत कराऊंगी और लाभ दिलाऊंगी। उन्होंने हमसे प्रचार सामग्री भी मांगी, जिसे हमने उपलब्ध करा दी।

इसके बाद कौसानी क्षेत्र के कई स्थानों पर युवाओं को यूओयू के कोर्सों से अवगत कराया। फिर सोमेश्वर क्षेत्र में गये। यहां हमने बालिका इंटर कालेज व जीआईसी में कुछ विद्यार्थियों से मुलाकत कर उन्हें यूओयू के कोर्सों से अवगत कराया। फिर हम सोमेश्वर महाविद्यालय गये। वहां हमें छात्र तो नही मिले लेकिन कुछ गुरुजन मिले जिन्हें हमने प्रचार सामग्री देकर विद्यार्थियों को इसका लाभ दिलाने की अपील की। हमने बाजार में भी युवाओं को प्रचार सामग्री बांटी और वहां के पुस्तकों की दुकानों पर भी यूओयू की प्रचार विवरणिका लगवाई। ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। सायं को हम कौसानी की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा कोरंगा व उनके पति श्री भीमसिंह कोरंगा से मिले उनसे भी मैंने पहले फोन पर बात की थी। उन्हें प्रचार सामग्री देकर हमने इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को पहुंचाने की अपील की। जिस पर उन्होने यथासंभव सहायता की बात की। साथ गरुड़ में यूओयू का सेंटर खुलवाने की बात की। गरुड़ में यूओयू का सेंटर खुलवाने के लिए खंड शिक्षाधिकारी आकाश सारस्वत से भी फोन पर बात की। उन्होने कहा कि जीआईसी में सेंटर खुलवा दूंगा और मदद होगी करेंगे। हमने कौसानी में गांधी जी के अनाशक्ति आश्रम में प्रचार सामग्री बांटी।

महोदय,

प्रचार कार्यकम के दौरान हमे अनेक समस्याएं भी प्रमुख रूप से देखने को मिली। जिन पर गौर किया जाना आवश्यक है।

1. गरीब विद्यार्थियों के लिए क्या सुविधा है।
2. यूओयू की फीस रेगूलर महाविद्यालयों से ज्यादा है।
3. स्टडी सेंटरों के द्वारा कोई सहायता नहीं की जाती , न ही कोई संवाद।
4. यूओयू की पुस्तकें समय पर नहीं मिल रही हैं।
5. परीक्षाफल आने में विलंब हो रहा है।
6. समय–समय पर ऐसे जागरुकता कार्यकमों की आवश्यकता।
7. विश्वविद्यालय द्वारा कुछ व्यवसायिक कोर्स खोलने की आवश्यकता।

राजेंद्र सिंह क्वीरा

उत्तर उजाला

सुदूरवर्ती गांवों को शिक्षा से जोड़ रहा यूओयू

बागेश्वर। उच्च शिक्षा को दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंचाने के लिए उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी की एक टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जनसमुदाय को प्रेरित किया। भ्रमण दल ने लाकुला, कपकोट, भराड़ी, शामा, फरसाली इलाकों के सुदूर गांवों में पहुंचकर मुक्त विश्वविद्यालय की दूरस्थ शिक्षा की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी भ्रमण दल ने मुक्त विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षा पर चर्चा की व जानकारियां दी। भ्रमण दल ने अपने उद्देश्य से जनता, जनप्रतिनिधियों व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अवगत कराते कहा कि अभियान का उद्देश्य दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा से वंचित लोगों को लाभान्वित करना है। उन्होंने शैक्षिक व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर निःशुल्क विवरणिका भी उपलब्ध करायी गयी। भ्रमण दल के समन्वयक राजेन्द्र सिंह क्वीरा व राजेश आर्य ने बताया कि उन्होंने डिग्री कालेज, पालीटेक्निक व इण्टर कालेजों में जाकर विश्व विद्यालय द्वारा संचालित शैक्षिक व व्यावसायिक कार्यक्रमों की जानकारी दी।

राष्ट्रीय सहारा

व्यापक भ्रमण कर दूरस्थ शिक्षा की दी जानकारी

बागेश्वर (एसएनबी)। उच्च शिक्षा को दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंचाने के लिए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी द्वारा राज्य के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्रों में व्यापक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत विश्वविद्यालय की एक टीम ने बागेश्वर जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों का भ्रमण किया और लोगों को दूरस्थ शिक्षा की जानकारी दी।

विश्वविद्यालय के भ्रमण दल ने 25 नवम्बर से लाकुला, कपकोट, भराड़ी, शामा, फरसाली क्षेत्र में व्यापक भ्रमण कर लोगों को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की दूरस्थ शिक्षा के बारे में अवगत कराया। इस दौरान टीम द्वारा कपकोट ब्लॉक में ब्लाक प्रमुख मनोहरराम व वहां क्षेत्र पंचायतों के प्रतिनिधियों व प्रधानों से भी चर्चा की और उन्हें दूरस्थ शिक्षा से जोड़कर लाभान्वित करना है, ताकि वह स्वावलम्बी बन सकें। इसके अलावा यूओयू की टीम ने महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक संस्थान व इंटर कालेजों में जाकर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षिक व व्यावसायिक कोर्सों की जानकारी दी।

23

"उम्मीद की एक किरण"
मुक्त विश्वविद्यालय

"उम्मीद की एक किरण"
मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, नैनीताल
का हार्दिक स्वागत करता है।
यह अधिकार, उच्च शिक्षा हमारे द्वार'
05946-261122 (10am - 5pm : Mon- Sat)
www.uou.ac.in

Open University Mail - promotional tour

प्रचार–प्रसार हेतु 6 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम की आख्या

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "उच्च शिक्षा आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत उच्च शिक्षा का प्रचार–प्रसार और मुक्त विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली को घर–घर तक पहुंचाने को माननीय कुलपति जी के निर्देशानुसार मुझे देहरादून क्षेत्र के आस–पास और जनपद के ग्रामीण अंचलों में जाने का मौका मिला। कार्यक्रम में निम्नलिखित स्थानों पर मेरे द्वारा भ्रमण कर जनसभायें एवं गोष्ठियां आयोजित की गयीं। इनमें लोगों को दूरस्थ शिक्षा के बारे में समझाया गया और उत्तराखण्ड मुक्त विश्व विद्यालय किस तरह से राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा पहुंचाने के लिए तत्पर है, यह लोगों को बताया गया।

मेरे द्वारा यह कार्य 25 नवम्बर, 2014 से लेकर 30 नवम्बर, 2014 तक किया गया, जिसका विवरण निम्नवत है–

1. 25 नवम्बर, 2014 को हरबर्टपुर, विकास नगर के शिक्षण संस्थानों के अलावा आस–पास के सभी इंटरकालेजों में भ्रमण व गोष्ठियां की गयी।
2. 26 नवम्बर, 2014 को कालसी एवं सहइया इंटर कालेजो के अलावा कस्बों में गोष्ठियां की गयी।
3. 27 नवम्बर, 2014 त्यूणी, चकरौता तथा चकरौता के आस–पास के इंटर कालेजों में सभायें व गोष्ठियां की गयी।
4. 28 नवम्बर, 2014 को ऋषिकेश तथा खदरी ग्रामसभा के शिक्षण संस्थानों व गांव में सभायें व गोष्ठियां की गयी।
5. 29 नवम्बर, 2014 को मसूरी तथा उसके आस–पास के इंटर कालेजों में भ्रमण व गोष्ठियां की गयी।
6. 30 नवम्बर, 2014 को देहरादून के माजरा व निरंजनपुर में भ्रमण व गोष्ठियां की गयी।

मुख्य भ्रमण स्थल–

1– (विकास नगर, हरबर्टपुर, डाकपत्थर, कालसी, सहइया एवं चकरौता)

इ0 का0 का नाम	छात्र संख्या
1. राजकीय इ0 का0 हरबर्टपुर	1700
2. राजकीय इ0 का0 सेलाकुंई	1500
3. राजकीय इ0 का0 भाऊवाला	900
4. गुरू रामराय इं0 का0 भाऊवाला	1100
5. सरस्वती विद्यामंदिर ढालीपुर	1200
6. रा0 इ0 का0 संभावाला	800
7. रा0 इ0 का0 नयागांव	700
8. रा0 इ0 का0 अमिवाला	800
9. रा0 इ0 का0 बरोटी वाला	1300

10. रा0 इ0 का0 छरवा	700
11. रा0 इ0 का0 डोभरी	500
12. रा0 इ0 का0 सोरवा	500
13. आशा राम वैदिक इं0 का0 विकास नगर	1500
14. सरस्वती इंटर कालेज, विकास नगर	1000
15. होशियार सिंह बुद्धमल इ0 का0 विकासनगर	1300
16. रा0 इ0 का0 डाकपत्थर	1400
17. महर्षि अरविंद घोष इं0 का0 डाकपत्थर	800
18. रा0 इ0 का0 कालसी	1000
19. रा0 इ0 का0 सहिया	1100
20. रा0 इ0 का0 चकराता	700
21. रा0 इ0 का0 त्यूणी	800

उपरोक्त इण्टर कालेजों में जाकर छात्रों एवं अध्यापकों से सम्पर्क किया गया, ये इ0 कालेज ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतर हैं जहां ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र अध्ययनरत हैं, जो मुक्त विश्वविद्यालय प्रणाली से जुड़ सकते हैं।

2. मसूरी शहर एवं डिग्री कालेज – यहां डिग्री कालेज के प्राचार्य जी से अध्ययन केन्द्र खोलने की बात की गय जो सहमत हैं। यहां पर हमारा एक भी अध्ययन केन्द्र नहीं है।

3. ऋषिकेश एवं आसपास के गांव –

ऋषिकेश शहर के मध्य विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र **एसीएमटी** पर एक गोष्ठी की गयी जिसमें कई छात्रों के साथ शहर के कई लोग व दर्जा प्राप्त मंत्री उत्तराखण्ड उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष श्री रमेश उनियाल जी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय की इस मुहिम की सराहना की तथा इसे निरंतर बनाये रखने की बात कही।

ऋषिकेश के समीप डोइवाला विकास खण्ड के अंतर्गत 30 हजार जनसंख्या वाली ग्रामसभा खदरी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 300 लोगों के साथ–साथ खदरी ग्राम प्रधान सरोप सिंह पुण्डीर, भट्टोवाला ग्राम प्रधान सतीश रावत, क्षेत्र पंचायत खदरी पवन पाण्डेय, क्षेत्र पंचायत श्यामपुर कोमल नेगी, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद जुगलान, पंचायत सदस्य–विनोद चौहान, लक्ष्मण राणा, कुवंर तडियाल, तुलसा देवी, उषा थपलियाल, सरिता रणाकोटी आदि जन प्रतिनिधि शामिल थे।

इस गोष्ठी में खदरी में स्थित विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र नालन्दा शिक्षण संस्थान के प्रबन्धक की ओर से कई प्रवेश गोष्ठी के दौरान ही किये गये।

4. देहरादून और आसपास के गांव – देहरादून के आस–पास के माजरा निरंजनपुर आदि जगहों पर स्थित इंटर कालेजों में भी भ्रमण किया गया जहां पर अम्लसंख्यक समुदाय बहुल्य क्षेत्र है, उर्दू विषय की काफी मांग है।

ऋषिकेश में बोलते मुख्य अतिथि रमेश उनियाल, उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री)

खदरी में मंचासीन जन प्रतिनिधियों के साथ विश्वविद्यालय के बारे में बोलते हुये



रा0 इ0 का0 सहिया

रा0 इ0 का0 कालसी

देहरादून। बुधवार। 26 नवंबर 2014

अमर उजाला

घर-घर जाएगा यूओयू

विवि ने दूरस्थ प्रचार के लिए बनाई आठ टीमें उच्चशिक्षा का करेंगी प्रसार

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। उच्च शिक्षा और मुक्त शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए अब उत्तराखंड मुक्त विवि (यूओयू) घर-घर जाएगा। विवि ने इसके लिए आठ टीमें बनाई हैं। जो मंगलवार को प्रचार अभियान के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में निकल गईं।

विवि जनसंपर्क अधिकारी डा. राकेश रयाल ने बताया कि राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए विवि ने विशेष अभियान शुरू किया है। कुलपति प्रो. सुभाष धूलिया ने कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के दुर्गम और अति दुर्गम क्षेत्रों में यह टीमें भेजी हैं। टीमें विवि पाठ्यक्रमों की भी जानकारी देंगी।

चार टीमें गढ़वाल के हिंडोलाखाल, नैखरी, देवप्रयाग, सबदरखाल, यमकेश्वर, रांठ, कुंजखाल, त्रिपालीसैण, लैंसडाउन, कोटद्वार में प्रचार करेंगी। उत्तरकाशी के मोरी, पुरोला, बड़कोट-नौगांव, चिन्यालीसौड़, नई टिहरी, घनसाली, देहरादून के चकराता, मसूरी, हर्बटपुर, कालसी, विकासनगर, डोईवाला और ऋषिकेश में प्रचार करेंगी। रुड़की के मंगलौर, नारसन, पुरकाजी, बहादराबाद, भगवानपुर, बिहारीगढ़ में प्रचार होगा। कुमाऊं में भी टीमें व्यापक प्रचार करेंगी।

राष्ट्रीय सहारा

देहरादून। बुधवार • 26 नवम्बर • 2014

दूरस्थ क्षेत्रों में यूओयू ने किया जागरूकता अभियान आरंभ

देहरादून (एसएनबी)। उत्तराखंड मुक्त विवि (यूओयू) ने दूरस्थ क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत आठ टीमें शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत दुर्गम व अति दुर्गम क्षेत्रों में जाकर लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास करेंगे।

यूओयू के जनसम्पर्क अधिकारी डा. राकेश रयाल ने बताया कि राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में उच्चशिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के लिए यूओयू द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विवि के कुलपति प्रो. सुभाष धूलिया द्वारा गठित आठ टीमें कुमाऊं व गढ़वाल के दुर्गम-अति दुर्गम क्षेत्रों में उच्चशिक्षा का प्रचार-प्रसार के लिए रवाना हो गई हैं। इसमें अभियान का मुख्य उद्देश्य दुर्गम क्षेत्रों में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से लोगों को उच्च शिक्षा से जोड़ना है, ताकि लोग आत्मनिर्भर बन सकें। इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि टीमों द्वारा गढ़वाल मंडल में हिण्डोलाखाल, नैखरी, देवप्रयाग, सबदरखाल, यमकेश्वर, राठ, कुण्जाखाल, त्रिपालीसैण, लैंसडौन, कोटद्वार में प्रचार करेंगी।

उच्च शिक्षा के प्रसार के लिए गढ़वाल व कुमाऊं मंडल के लिए आठ टीमें रवाना

उत्तरकाशी क्षेत्र के अंतर्गत टीम मोरी, पुरोला, बड़कोट-नौगांव, चिन्यालीसौड़, नई टिहरी, घनसाली, देहरादून क्षेत्र के अंतर्गत टीम चकराता, मसूरी, हरबर्टपुर, कालसी, विकासनगर, डोईवाला व ऋषिकेश एवं रुड़की क्षेत्र की टीम मंगलौर, नारसन, पुरकाजी, बहादराबाद, भगवानपुर, बिहारीगढ़ आदि सीमांत क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा की अलख जगाएगी। कुमाऊं मंडल की चार टीमें पिथौरागढ़ क्षेत्र के कनालीछीना, सतगढ़, आंवला, नारायणनगर, डीडीहाट, मुनस्यारी, मदकोट, बरम, जौलजीबी व धारचूला में दूरस्थ शिक्षा का प्रचार करेंगी। बागेश्वर क्षेत्र की टीम गरुड़, शामा, भराड़ी, कपकोट, कौसानी के साथ साथ अल्मोड़ा जनपद के समीपवर्ती क्षेत्र सोमेश्वर व ताकुला, रानीखेत क्षेत्र के अंतर्गत टीम रानीखेत के अलावा मासी, भिकियासैण, स्याल्दे, सल्ट व देघाट में प्रचार करेगी, जबकि हल्द्वानी क्षेत्र की टीम चोरगलिया, टनकपुर, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, रुद्रपुर, काशीपुर, बाजपुर व रामनगर में दूरस्थ शिक्षा का व्यापक प्रचार करेंगी।

07 • देहरादून • बुधवार • 26 नवम्बर 2014 • हिन्दुस्तान

यूओयू का जागरूकता अभियान शुरू

देहरादून। उच्च शिक्षा को दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंचाने के लिए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने मंगलवार से जागरूकता अभियान शुरू कर दिया। विवि की 8 टीमें पूरे राज्य का दौरा करेंगी।

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पीआरओ डॉ. राकेश रयाल ने बताया कि इस अभियान का मकसद प्रदेश के दुर्गम इलाकों में युवाओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और अवसरों की जानकारी देना है। चार टीमें कुमाऊं मंडल तथा चार टीमें गढ़वाल मंडल में प्रचार प्रसार करेंगी। यह टीमें गढ़वाल मंडल के रिण्डोलाखाल, नैखरी, देवप्रयाग, सतदरखाल, यमकेश्वर, रांठ, कुंजखाल, त्रिपालीसैण, लैंसडाउन, कोटद्वार में प्रचार करेंगी।

उत्तरकाशी क्षेत्र में टीम मोरी, पुरोला, बड़कोट-नौगांव, चिन्यालीसौड़, नई टिहरी, घनसाली आदि जगह प्रचार करेगी। देहरादून क्षेत्र के अन्तर्गत टीम चकराता, मसूरी, हरबर्टपुर, कालसी, विकासनगर आदि जगह जाएगी। कनालीछीना सतगढ़, आगेला, नारायणनगर, डीडीहाट, मुन्स्यारी, मदकोट, बरम, जौलजीबी आदि स्थानों पर भी अभियान चलेगा।

अमर उजाला

घर बैठे आप भी पा सकते हैं उच्च शिक्षा

तीर्थनगरी में 'उच्च शिक्षा आपके' द्वार अभियान

उत्तराखंड मुक्त विवि ने दी लोगों को जानकारी

अमर उजाला ब्यूरो

ऋषिकेश। उत्तराखंड मुक्त विवि की ओर से 'उच्च शिक्षा आपके द्वार' अभियान चलाया गया। इसके तहत शुक्रवार को नगर और श्यामपुर क्षेत्र में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में बच्चों को विश्वविद्यालय के तमाम पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

रेलवे रोड स्थित विवि के अध्ययन केंद्र एसीएमटी में आयोजित गोष्ठी का मुख्य अतिथि राज्य उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष रमेश उनियाल ने उद्घाटन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उधर, श्यामपुर खदरी स्थित नालंदा शिक्षण संस्थान में आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता विवि के जनसंपर्क अधिकारी डा. राकेश रयाल ने लोगों को दूरस्थ शिक्षा में विश्वविद्यालय की भूमिका, कार्यक्रम और इसके लाभ के बारे में बताया। कहा कि किसी कारणवश उच्च शिक्षा से वंचित लोग अब घर बैठे ही शैक्षिक योग्यता बढ़ा सकते हैं। ऐसे लोगों के लिए दूरस्थ शिक्षा अभियान वरदान है। बताया कि 2005 में स्थापित विवि गांवों तक अध्ययन केंद्रों के जरिए शिक्षा का प्रसार कर रहा है। वर्तमान में 150 पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जिनमें परंपरागत, व्यावसायिक कोर्स शामिल हैं। मौके पर ग्राम प्रधान सरोप सिंह पुंडीर, भट्टोवाला के प्रधान सतीश रावत, बीडीसी मेंबर पवन पांडेय, कोमल नेगी, विनोद जुगलाण, कुंवर सडियाल, तुलसा देवी, उषा क्षमानियाल, सरिता रणाकोटी आदि मौजूद थे।

15

दैनिक जागरण देहरादून, 29 नवंबर 2014

दूरस्थ शिक्षा के उद्देश्य की जानकारी दी

- उत्तराखंड मुक्त विवि की ओर से अध्ययन केंद्रों में गोष्ठी आयोजित
- 'उच्च शिक्षा आपके द्वार' अभियान के तहत दी गई जानकारी



जागरण संवाददाता, ऋषिकेश: उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से 'उच्च शिक्षा आपके द्वार' अभियान कार्यक्रम के तहत लोगों को मुक्त विवि की ओर से संचालित पाठ्यक्रमों व दूरस्थ शिक्षा के उद्देश्य की जानकारी दी गई।

शुक्रवार को उत्तराखंड मुक्त विवि के ऋषिकेश क्षेत्र के शिक्षण केंद्रों में गोष्ठियों का आयोजन किया। एसीएमटी ऋषिकेश व नालंदा शिक्षण संस्थान खदरी शिक्षण केंद्रों में गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राकेश रयाल ने कार्यक्रमों की जानकारी दी। एसीएमटी में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि दायित्वधारी रमेश उनियाल ने कहा कि उच्च शिक्षा वर्तमान समय की जरूरत है। उन्होंने उच्च शिक्षा में सुधार की आवश्यकता पर भी बल दिया। विवि के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राकेश रयाल ने बताया कि दूरस्थ शिक्षा का उद्देश्य ऐसे लोगों को उच्च शिक्षा से जोड़ना है जो उम्र की अधिकता और नौकरी के चलते उच्च शिक्षा हासिल नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड मुक्त विवि द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के माध्यम से कोई भी व्यक्ति घर बैठे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विवि की ओर से संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए इनका लाभ लेने का आह्वान किया। इस दौरान एसीएमटी के निदेशक शिव प्रसाद घिल्डियाल, राम प्रसाद घिल्डियाल आदि उपस्थित थे।

उधर, नालंदा शिक्षण संस्थान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी गोष्ठी में शिरकत की। इस दौरान ग्राम प्रधान सरोप सिंह पुंडीर, विद्यालय के प्रबंधक महावीर उपाध्याय, सतीश रावत, पवन पांडेय, कोमल सिंह नेगी, विनोद जुगरान, श्रीकांत रतूड़ी, राजेश पयाल आदि उपस्थित थे।

हिन्दुस्तान • देहरादून • शनिवार • 29 नवम्बर 2014

नौकरी के साथ-साथ पूरी करें उच्च शिक्षा

ऋषिकेश। यदि आप नौकरी पेशा हैं और किन्हीं कारणों से अपनी उच्च शिक्षा पूरी न कर पाए हों तो उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के माध्यम से रोजगार में बने रहते हुए आप अपनी अधूरी शिक्षा पूरे कर सकते हैं।

उत्तराखंड मुक्त विवि के 'उच्च शिक्षा आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को एसीएमटी संस्थान में आयोजित कार्यशाला में विवि के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राकेश रयाल ने बताया कि विवि उत्तराखंड के शहर से लेकर गांव तक अपने अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से नौकरी पेशा लोगों को उच्च शिक्षा प्रदान करने की सुविधा दे रहा है। विवि में लगभग 150 पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिसमें व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी हैं। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष रमेश उनियाल ने मुक्त विवि के पाठ्यक्रमों की सराहना की।

इस अवसर पर एसीएमटी संस्थान के निदेशक शिवप्रसाद घिल्डियाल, ज्योति उनियाल, संजय दत्त रयाल, छात्रा प्राची, पूजा, केशव, नवनीत, सुभम, अंकित, सरोज, अजय, सरस्वती, प्रियंका, रितु, प्रियंका, वीरज, रिया, मीनाक्षी, विजय लक्ष्मी, गोरी, राधा, आशा, गंगेश उनियाल, त्रिलोक सिंह, मंजू और मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

दूरस्थ शिक्षा की जानकारी देते वक्ता।

लोगों ने जानीं दूरस्थ शिक्षा की उपयोगिता

ऋषिकेश (एसएनबी)। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से ऋषिकेश व खदरी स्थित अध्ययन केंद्रों में 'उच्च शिक्षा आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत गोष्ठियां आयोजित की गईं। इनमें लोगों को दूरस्थ शिक्षा की उपयोगिता और मौजूदा स्थिति के बारे विस्तार से जानकारी दी गई।

> ■ उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से ऋषिकेश व खदरी स्थित अध्ययन केंद्रों में 'उच्च शिक्षा आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत की गई गोष्ठी आयोजित

शुक्रवार को रेलवे रोड स्थित [illegible] अध्ययन केंद्र में मुख्य अतिथि [illegible] ने गोष्ठी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में उच्चशिक्षा हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से इस दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। विवि के जनसंपर्क अधिकारी डा. राकेश रयाल ने दूरस्थ शिक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विवि द्वारा विभिन्न पारंपरिक व व्यावसायिक विषयों में लगभग 150 पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

खदरी में नालंदा शिक्षण संस्थान में आयोजित गोष्ठी में छात्रों, जनप्रतिनिधियों व शिक्षा क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर प्रधान [illegible] सिंह पुंडीर, सतीश रावत, कमल पांडेय, [illegible] सिंह [illegible], विनोद जुगलान, कुंवर सिंह [illegible], तुलसी देवी, उमा [illegible], सरिता [illegible], रामप्रसाद [illegible] आदि मौजूद थे।

सैनी, आइएच अंसारी, एस शर्मा, मुकेश चौहान आदि मौजूद रहे।

उच्च शिक्षा की जानकारी दी

विकासनगर। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से छात्रों को उच्च शिक्षा से जुड़ी जानकारी दी गई। जनसंपर्क अधिकारी डा. राकेश रयाल ने आशाराम वैदिक इंटर कालेज, जीआईसी हरबर्टपुर, कालसी, साहिया समेत अन्य स्कूलों में छात्रों को विश्वविद्यालय के कोर्सों के बारे में बताया।

उत्तराखंड मुक्त विवि ने छात्र-छात्राओं को दी कॅरियर संबंधी जानकारी

* मुक्त विश्वविद्यालय ने कराई कई विद्यालयों में कॅरियर काउंसिलिंग

संवाद सहयोगी, विकासनगर : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने गुरुवार को पछवादून की शैक्षणिक संस्थाओं में छात्र-छात्राओं को कॅरियर काउंसलिंग कराई गई। काउंसिलिंग के माध्यम से छात्र-छात्राओं को इंटर परीक्षा पास करने के बाद रुचि के अनुसार पाठ्यक्रम चुनने की सलाह दी गई।

राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में की गई कॅरियर काउंसिलिंग में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के काउंसलर डॉ. राकेश रयाल ने कहा कि छात्र-छात्राएं अक्सर परिवार वालों के दबाव या अन्य सहपाठियों की देखा देखी विषय का चयन करते है, जिससे कई बार रुचि का विषय न होने चलते उबाऊ लगने लगता है और छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पाता। उन्होंने कहा कि विषय का चयन ही भविष्य का रास्ता तय करता है। छात्र-छात्राओं को भेड़चाल के बजाय रोजगार परक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए व सरकारी नौकरी पर निर्भर न रहते हुए खुद के रोजगार के साधन तलाशने चाहिए।

डॉ रयाल ने कहा कि इसके लिए छात्रों को शिक्षकों की मदद लेनी चाहिए, शिक्षक प्रत्येक छात्र की मानसिक योग्यता से परिचित रहता है। उत्तराखंड मुक्त विश्व विद्यालय ने आशाराम वैदिक इंटर कॉलेज व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भी कॅरियर काउंसिलिंग शिविर आयोजित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य आरएस राणा, अनिल नेगी, अब्बल सिंह तोपाल, एके सिंह, आरके सिंह, सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

उच्च शिक्षा के लिए किया जागरूक

चलाया अभियान

विकासनगर | कार्यालय संवाददाता

* उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की टीम ने पछुवादून के स्कूलों में की छात्रों की काउंसिलिंग
* विवि में चल रहे कोर्सों के बारे में भी छात्र-छात्राओं को बताया

उच्च शिक्षा के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने अभियान शुरू किया है। विश्व विद्यालय की जन संपर्क विभाग की टीम ने पछुवादून के विभिन्न इंटर कॉलेजों में जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग की।

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने राज्य में उच्च शिक्षा के प्रचार-प्रसार और युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया है। इसके लिए विश्वविद्यालय की टीमें राज्य भर के इंटर कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित कर रही है। विश्वविद्यालय की टीम ने गुरुवार को [illegible] कॉलेज विकासनगर, राइंका कालसी, राइंका [illegible] में इंटर के छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित किया।

इंटरमीडिएट के छात्रों से विभिन्न कॉलेजों में काउंसिलिंग के दौरान जन संपर्क अधिकारी डॉ. राकेश रयाल ने कहा कि इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छात्र-छात्राओं के पास भविष्य की दिशा और दशा निर्धारित करने का प्रश्न [illegible] है। ऐसे में कई छात्र-छात्राएं [illegible] उच्च शिक्षा [illegible] लेकिन भारी भरकम फीस के कारण वे उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने से वंचित रह जाते हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा देने के लिए उत्तराखंड मुक्त विश्व विद्यालय ऐसी परिस्थितियों में छात्र-छात्राओं को बीए, एमए, बीकॉम, एमकॉम, बीएससी, एमएससी, में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एमएसडब्ल्यू, एमए शिक्षा शास्त्र, बीएड, एमएड, एलएलबी, एलएलएम, बीबीए, एमबीए, एमसीए, एचएम, पत्रकारिता आदि पाठ्यक्रमों से लाभान्वित कर सकता है। जन संपर्क विभाग की टीम ने उच्च शिक्षा आप के द्वार कार्यक्रम के तहत इंटर कॉलेज के शिक्षकों, शिक्षिकाओं, प्रधानाचार्य से इस मुहिम में जुड़ने की अपील की। इस मौके पर [illegible] मौजूद रहे।

नवगठित कैंट में 242 में

Report of Promotional Tour (Regional Center- Haldwani)

(26th November 2014 to 29th November 2014)

Team Leader: Dr. Ranju Joshi Pandey

Team Members: Dr. Preeti Bora and Dr. Pooja Juyal

Day 1: Place visited: Rudrapur and Gadarpur

Visit to SBS PG College, Rudrapur

The team met Mr. Y. K. Sharma, the coordinator of the study center. We addressed undergraduate students of Science, Arts and Commerce stream. We also visited their study center and saw that the center is well established and maintained. They had all the necessary facilities like counseling room, practical labs and library for the students. They had also setup the Eduset classroom. They have more than 150 students enrolled in the center and presently the admissions are going on.

Visit to Oxford Academy, Kichha By pass Road, Industrial Estate, Rudrapur

The coordinator of the study center is Mr. Vinit Kumar Joshi. The study center has a total of 35 enrolled students who had gone for the industrial training during our visit. Only the students of Hotel Management were enrolled there and the center had the entire necessary infrastructure for them.

Visit to Uttarakhand Institute of Information Technology and Management, Bhagat Singh Chowk, Rudrapur

The coordinator of this study center is Ms. Sana Khan and this center is offering all the courses of UOU except M. Ed. A total of around 150 students are enrolled through this center. On visiting the center we found that the center is lacking the necessary infrastructure for the courses. Although the center is offering B. Sc. and M. Sc. courses but no labs were there for conducting the practicals. Also there was not enough space for conducting the counseling sessions for the students.

Visit to Unity Law College, Kashipur Road, Rudrapur

In this study center we met Dr. U. C. Joshi, the coordinator of the center. They had around 45 previously enrolled students and presently the admissions are running there with around 10 new students. The college had a very good infrastructure and they are mainly focusing on admissions of students interests in law courses. We also had an interactive meeting with the counselors there.

Visit to Late Ratikant Biswas Memorial School, Gadarpur

We had a meeting with Mr. Omiyo Kumar who is the coordinator of that center. They were having a total of 176 students of BA, MA, MSW, B.Com, M.Com and BAPP collectively and presently 40 students are enrolled in that center. The infrastructure was found to be satisfactory. As this center was having intermediate students so we addressed them too and gave them the information about UOU and the courses running in the university.



Day 2: Place visited: Ramnagar, Kashipur and Bajpur

Visit to Govt. PG College, Ramnagar

We met Mr. Vikas Dubey, Asstt. Coordinator of the center. We had interactive sessions with the students of B.Sc., B. Com and BA students in which we gave them information about the courses running in the university pertaining to their field.

Visit to Renaissance College of Hotel Management and Catering Technology, Peerumdara, Ramnagar

We met the coordinator of the center, Mr. Asif Hussain. The college infrastructure was found to be satisfactory and a total of 77 students were enrolled in the college. The students had

gone for the industrial training and presently 13 students are admitted in the current session. We had a meeting with the counselors there and visited the practical labs of that center.

Visit to Govt. PG College, Kashipur

At Kashipur PG College we met Mr. Vinod Kumar who is the coordinator of the cente Although we had a scheduled interactive session with the students on that day but due to th protests related to the death of little girl Kashish at Haldwani, all the institutes along with th PG College got closed and we got our session cancelled.

Visit to Vision Institute of Management and Technology, Bajpur

At this center we had a meeting with the coordinator, Mr. Dharamveer Sharma. They had the entire necessary infrastructure needed for the courses running in their center. A total of 30 previously enrolled students were there and with 10 new students admitted the admissions are running currently. We met a girl Miss Ruby at this center who had her residence nearby Madarsa. She told us that few people attending Madarsa are interested in Urdu courses of our university. We had a discussion with her and gave her the brochure of UOU so that she could give the necessary information to them and distribute the brochures over there.

Day 3: Place visited: Kicchha, Sitarganj

Visit to Sant Baba Fauja Singh Degree College, Nanakpuri, Kicchha

We had a meeting with DR. N. P. Singh who is the coordinator of the center. They have 45 students of BA, MA and B.Com in their center and presently they have 17 students enrolled till now. They have very good infrastructure facility and on visiting their center we came to know that they have well established science labs too and they are interested in having B.Sc and M.Sc courses of the university. We found that it could a good learning center for students with science and we advocate their center for having university courses of science too at their study center.

They are also running inter colleges affiliated to CBSE and UK board. So we requested them to allow us to have an interactive session with their intermediate students. They arranged this session collectively for both CBSE and UK board students where we gave them the information of all the university courses.

Visit to Adiya Yoga Naturopathy Hospital and Research Institute, Haldwani Bypass Road, Kicchha

At this center we met Mr. Kamal Sachdeva. We could not meet the coordinator, Mr. D. N. Sharma as he was out of station but we had a talk with him telephonically and he gave the information about the center and the students. They have around 66 students of Yoga and Naturopathy in their center from all over India. The facilities and infrastructure at this center were found to be satisfactory.

Visit to Greenwood Public School, Sitarganj

We met Mr. Jeevan Singh and Dr. Sulochana Parwal at this center. The courses of UOU running in this center are BA, MA, BCom, MCom, MSW and MBA and they have a total of 50 old and 5 new admitted students.

Visit to Sampurnanand Shivir Jail Campus, Sitarganj

The coordinator of this center is Mr. Manoj Arya. As he has newly joined at this place so he was not fully aware about the university courses and admissions at this campus. We gave them all the necessary information related to the university and gave them the brochures too.

Day 4: Place visited: Khatima, Tanakpur

Visit to HNB Govt PG College, Khatima

We met Mr. Pankaj Kumar, the coordinator of this center. In this center we had an interactive session with BA and B.Sc students and told them about the university courses.

Visit to Shiksha Bharti Inter College, Khatima

We met Mr. Vinay Pandey at this center. This center found to have well established infrastructure. We had a meeting with the counselors too. As it is an inter college so we asked Mr. Vinay to allow us to address intermediate students so that we could provide them the details of the courses offered by the university.

- **Visit to Poornagiri College of Education, Jhankat**

The coordinator of this center is Mr. Hira Singh. The center is offering BA, MA, B.Com, M.Com, B.Sc, M.Sc and PGDDM courses. They were having a total of 150 old and 10 new admissions at their center. Although the college has satisfactory infrastructure for counseling but they are not conducting any practicals and counseling sessions for students of science and disaster management. For the practicals and counseling they used to send their students to HNB PG College, Khatima and MBPG College Haldwani.

** We were provided 50 prospectus from the university for the study centers in case they need them for admission of new students. On the completion of the promotional tour all the 50 prospectus were given to the centers and a total amount of Rs. 5000 was collected by them which was deposited in accounts section of UOU.

Feedback from the Study Centers

On meeting with the coordinators of the study centers we found that they have some queries and problems related to university which are as follows:

- They have problems in having contact with the University for their Queries. They said that they could not connect the toll free number provided by the university and whenever they have problems and queries they don't get a satisfactory response. This puts them in troubles as their students pressurize them for the resolutions of their problems which could only be solved when they have proper information from the university personnels.
- They request us to provide the SLM timely to them so that they can give it to their students in time.

(2)

संलग्नक - क

विश्वविद्यालय प्रचार–प्रसार हेतु भ्रमण स्थल एवं भ्रमण टीमों का विवरण

क्र0 सं0	क्षेत्र मुख्यालय	भ्रमण स्थान	टीम प्रमुख	टीम के सदस्य
1	हल्द्वानी	चोरगलिया, टनकपुर, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, रूद्रपुर, काशीपुर, बाजपुर, रामनगर ।	डॉ0 रन्जू पाण्डेय	डॉ0 प्रीती बोरा, कु0 तन्वी शर्मा, डॉ0 रूपाली ~~शर्मा~~ तोरी
2	रानीखेत	रानीखेत, मासी, भिखियासैण, स्यालदे, सल्ट एवं देहघाट।	डॉ0 राजेन्द्र कैडा	डॉ0 घनश्याम जोशी डॉ0 श्याम कुंजवाल
3	बागेश्वर	गरूड़, शामा, भराड़ी, कपकोट, कौसानी, सोमेश्वर, ताकुला।	डॉ0 चारू चन्द्र पंत	श्री विरेन्द्र बिरखानी, श्री राजेन्द्र क्वीरा
4	पिथौरागढ़	कनालीछीना, सतगढ़, आगेला, नारायणनगर, डीडीहाट, मुन्स्यारी, मदकोट, बरम, जौलजीवी, धारचूला।	डॉ0 कमल देवलाल	श्री ललित मोहन भट्ट , श्री राजेश आर्य
5	पौड़ी	नैखरी, देवप्रयाग, सबदरखाल, यमकेश्वर, रांठ, लैंसडाउन, कोटद्वार।	श्री सिद्धार्थ पोखरियाल	श्री नरेन्द्र जगूड़ी, श्री सुमित कुमार
6	उत्तरकाशी	मोरी, पुरोला, बड़कोट–नौगांव, चिन्यालीसौड़, नई टिहरी, घनसाली।	डॉ0 सुभाष रमोला	श्री राजीव राणा
7	देहरादून	चकराता, मसूरी, हरबर्टपुर, कालसी, विकास नगर, डोईवाला, ऋषिकेश ।	डॉ0 राकेश रयाल	देहरादून परिसर से एक तृतीय श्रेणी कर्मचारी
8	रूड़की	मंगलौर, नारसन, पुरकाजी, बहादराबाद, भगवानपुर, बिहारी गढ़ आदि सीमांत क्षेत्र।	डॉ0 विरेन्द्र कुमार	डॉ0 दिनेश कुमार, डॉ0 अख्तर अली

17/11/14

(1)

Office of the Vice Chancellor

No.VC/OSD/MEMO/750 Dated: November 7, 2014

Office Memo

The following committee is hereby constituted for organizing promotional tours of the university teams to different regions of Garhwal and Kumaon Divisions for image building of university and promoting admissions of the students:

1. **Dr.M.M.Joshi, Asstt.Prof. History - Convener**
2. **Dr.Surya Bhan Singh, Asstt.Prof.Pol.Sci. Member**
3. **Dr.Rakesh Rayal, PRO** ,,

The committee will to plan and form the university teams of the academic staff immediately so that the teams concerned start to undertake the promotional tours from 15th November 2014 onwards.

This issues with the approval of Hon'ble Vice Chancellor.

(P.C.Papnai)
OSD to Vice Chancellor

Cc: All Directors of Schools
Cc: Registrar
Cc: Finance Controller
Cc: Dr.M.M.Joshi- convener of the committee
Cc: Dr.Surya Bhan Singh
Cc: Dr.Rakesh Rayal